AMAR UJALA

Page No II (My City) Date. 29th Sep 2019

अपराजिता के तहत चिकित्सा शिविर आज

गाजियाबाद। अमर उजाला आयोजित अपराजिता अभियान के तहत आज (रविवार) राजनगर एक्सटेंशन स्थित अजनारा इंटिग्रिटी सोसायटी में चिकित्सा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। आईटीएस डेंटल कॉलेज मुरादनगर के सहयोग से आयोजित इस चिकित्सा कैंप में आप निशुल्क अपने दांतों की जांच करा सकते हैं व उचित उपचार की सलाह ले सकते हैं। कैंप में कॉलेज के सीनियर चिकित्सक मरीजों को देखकर उपचार हेतु निशुल्क सलाह देंगे। सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर ढाई बजे तक आयोजित होने वाले चिकित्सा कैंप में कंधे, कमर व मांसपेशियों में खिंचाव जैसे परेशानियों पर भी चिकित्सकों की सलाह ले सकते हैं।

AMAR UJALA

Page No:- 05 (My City)　　Date: 30 SEP 2019

अमर उजाला | my city | महिला • संस्कृति • समाज | सोमवार • 30.09.2019 | www.amarujala.com | 5

राजनगर एक्सटेंशन में दांतों की जांच कराते लोग।

चिकित्सकों ने दिए स्वास्थ्य संबंधी सुझाव, हुई जांच

अमर उजाला अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स अभियान के तहत लगाया गया हेल्थ कैंप

माई सिटी रिपोर्टर

अपराजिता 100 MILLION SMILES

गाजियाबाद। अमर उजाला के अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत रविवार को राजनगर एक्सटेंशन स्थित अजनारा इंटीग्रिटी सोसायटी में आईटीएस मुरादनगर के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। इस दौरान चिकित्सकों ने लोगों को दांतों की सुरक्षा को लेकर टिप्स भी दिए।

स्वास्थ्य शिविर में सुबह शुरुआत के बाद से ही सोसायटी के लोग जांच कराने के लिए पहुंचते रहे। दोपहर तक कुल 154 मरीज आए, जिनमें से 108 मरीजों के दांतों की जांच और 46 मरीजों को फिजियोथेरेपी के टिप्स दिए गए। इसके अलावा शिविर में 40 मरीजों के दांतों की सफाई हुई। बच्चों के दांतों की जांच के दौरान कई के दांतों में कैविटी पाई गई। 15 बच्चों के दांतों में फ्लूराइड एप्लिकेशन किया गया, जिससे आगे उनको कैविटी की समस्या न हो।

इसके अलावा आठ लोगों के दांतों में चिकित्सकों ने मसाला भरा। नौ लोगों के दांतों को परेशानी होने पर निकाला गया। डॉ. अनुभव शर्मा के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम ने मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की और स्वस्थ रहने के टिप्स दिए।

सोसायटी में लगातार इस तरह के शिविर आयोजित होने चाहिए। बच्चों को दांतों संबंधी जानकारी चिकित्सकों से मिली। - गुंजन त्यागी



दांतों की देखभाल में अक्सर लोग लापरवाही बरतते हैं। बच्चों में कैविटी की समस्या होती है, इस तरह के कैंप का लाभ मिलता है। - प्रतिभा

डॉक्टर्स ने स्वास्थ्य संबंधी बातों को बताया। शिविर में सोसायटी के काफी लोगों ने जांच कराई। अमर उजाला का स्वास्थ्य के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है। - बरखा

दांतों का चेकअप कराया। सोसायटी में शिविर लगने से दूर नहीं जाना पड़ा और चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी मिला। - नेहा जैन

इन डॉक्टर्स ने की जांच : डॉ. रूपाली, डॉ. गुंजन, डॉ. गुंजन पटेल, डॉ. दीपशिखा दास आदि।